**संख्या-59/2016/वे0आ0-2-1295/दस-2016**

प्रेषक,

अजय अग्रवाल,

सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त प्रमुख सचिव/ सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन ।

**वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग-2** **लखनऊ : दिनांक : 02 नवम्बर, 2016**

**विषय :--** वेतन समिति (2016) के कार्यालय में अवर वर्ग सहायक (नि:संवर्गीय) के रिक्त 04 पदों को भरे जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग की संस्तुतियों के संदर्भ में श्री जी0 पटनायक (सेवा-निवृत्त आई0ए0एस0) की अध्यक्षता में वेतन समिति का गठन किया गया है, जिसके कार्यों के सम्पादन हेतु सृजित किये गये पदों में से अवर वर्ग सहायक वेतन बैण्ड-2 रू0 9300-34800 एवं ग्रेड वेतन रू0 4200/- के 04 नि:संवर्गीय पद वर्तमान में रिक्त हैं। उक्त रिक्त पदों को सेवा स्थानान्तरण के आधार पर भी भरे जाने की व्यवस्था है।

*2-* अत: आपसे यह अनुरोध करने की मुझसे अपेक्षा की गयी है कि उक्त नि:संवर्गीय पदों पर तैनाती हेतु सेवा स्थानान्तरण के आधार पर वेतन आयोग/ वेतन समिति के कार्यों का अनुभव रखने वाले ग्रेड वेतन रू0 2800/- अथवा ग्रेड वेतन रू0 4200/- के इच्छुक पदधारकों के नाम का चयन उनकी चरित्र पंजिकाओं सहित अविलम्ब उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

अजय अग्रवाल

http://shasanadesh.up.nic.in

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।